# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला–176215

क्रमांकः हि०शि०बो०(37) D.El.Ed./COUNSELLING/2025-2708-2714 दिनांकः 18-09-2025

## "अधिसूचना"

बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना संख्या हि०शि०बो०(37) D.El.Ed./COUNSELLING/2025-2676-2683 दिनांक 26-08-2025 के क्रम को ज़ारी रखते हुए अधिसूचित किया जाता है कि D.El.Ed. CET 2025 की मैरिट के आधार पर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित दो वर्षीय Diploma in Elementary Education CET-2025 (D.El.Ed. CET 2025) सत्र 2025-2027 के लिए सरकारी DIET एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश बची हुई **1152 सीटों** के आवंटन के लिये **दूसरे चरण की कौंसलिंग** प्रक्रिया दिनांक **23-09-2025** से दिनांक **25-09-2025** तक प्रातः **10:00 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में** आयोजित करवाई जा रही है। Counselling प्रक्रिया हेतु मैरिट के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची व श्रेणीवार आरक्षित बची सीटों की सूची बोर्ड बेवसाइट www.hpbose.org पर प्रकाशित कर दी गई है।

कौंसलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निर्देश दिए ज़ाते हैं कि वे बोर्ड वैबसाईट पर उपलब्ध मैरिट सूची एवं दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि पर कौंसलिंग हेतु बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला पहुंचें। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षिणिक प्रमाण पत्रों (दसवीं व ज़मा दो), हिमाचली मूल निवास प्रमाण पत्र तथा अरक्षित श्रेणी/उप श्रेणी से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक शपथ पत्रों की मूल प्रति व सत्यापित छायाप्रतियां के साथ बोर्ड वैबसाईट पर उपलब्ध BIO DATA FORM की प्रति को भरकर लाना होगा। EWS, OBC, Ward of Ex–Serviceman श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित नमूने के अनुसार सक्षम अधिकारी से सत्यापित/जारी Affidavit अथवा प्रमाण पत्र जमा करवाया जाना अनिवार्य होगा। सीट आवंटन के समय पर अभ्यर्थी के वांछित संस्थान में सीट उपलब्ध होने पर ही मैरिट के आधार पर अभ्यर्थी को केवल एक बार सीट आवंटित की जायेगी, इसलिये अभ्यर्थियों को वांछित संस्थान का चुनाव सीट की मांग करने के पूर्व सुनिश्चित करना होगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष न0 **01892-242192** पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

(डॉ० मेजर विशाल शर्मा,HAS)
सचिव

पृ0संख्याः यथोपरि–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश शिमला – 1।
2. समस्त उप–सचिव, सहायक सचिव, अनुभाग अधिकारी, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड
3. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर सैल एवं डाटा सैंटर को इस आश्य से प्रेषित है कि अधिसूचना, कौंसलिंग प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों की तिथिबार सूची और BIO DATA FORM, INSTRUCTION/ GUIDELINES को बोर्ड की वैबसाईट पर अपलोड करने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
4. वरिष्ठ/कनिष्ठ आशुलिपिक, माननीय अध्यक्ष व सचिव महोदय।
5. प्रभारी, लोक सम्पर्क हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि वह इस अधिसूचना को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित करें।
6. रक्षक संचिका।

(डॉ० मेजर विशाल शर्मा,HAS)
सचिव

Scanned with OKEN Scanner